महामहिम राष्ट्रपति महोदया के आगमन पर निगम भिलाई की तैयारी वृहद रूप से

भिलाईनगर। महामहिम राष्ट्रपति महोदया का प्रवास आई.टी. भिलाई दिक्षांत समारोह के लिए हो रहा है। जिसको देखते हुए नगर निगम भिलाई के आयुक्त बजरंग दुबे के नेतृत्व में कार्यो का संपादन निरंतर किया जा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से सभी जोन कमिश्नर, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, सड़को पर आवारा मवेशियो को पकड़ने वाले दल, राजस्व का अमला आदि की डयूटी लगाई गई है। सभी जोन कमिश्नर अपने–अपने क्षेत्र में महामहिम के आमगन रूट से सड़क बाधा एवं अवैध बेनर पोस्टर हटवाने का कार्य कर रहे है। जोन कमिश्नर अपने–अपने रूट पर टीम के साथ लगातार गस्त भी कर रहे है। कुम्हारी टोल प्लाजा से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अभियंताओ द्वारा सड़क के गडडे भराई का कार्य संपादित करवाया जा रहा है। निगम भिलाई के अधीक्षण अभियंता स्वयं अपने देखरेख में संबंधित कार्यो का अवलोकन कर रहे है। जिससे महामहिम के आमगन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही हेलिपेड के निर्माण कार्य के दौरान जल की व्यवस्था, सड़क मार्ग से आवारा पशुओ इत्यादि को हटाने का भी कार्य किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई के सभी अधिकारी कर्मचारी, नागरिकगण महामहिम राष्ट्रपति महोदया के प्रथम भिलाई आगमन का हर्षोल्लास के साथ स्वागत करने के लिए उत्सुक है।